प्राचीन माया शहर की खोज

मैक्सिको में पुरातत्त्ववदिों ने युकाटन प्रायद्वीप के घने जंगल में एक महत्त्वपूर्ण खोज की है, जिसमें एक **प्राचीन माया शहर** के अवशेष मिले हैं।

//

प्राचीन माया शहर से संबंधित प्रमुख खोजें:

- **परिचय:**
  - मैक्सिको में **राष्ट्रीय मानव विज्ञान एवं इतिहास संस्थान (National Institute for Anthropology and History-INAH)** ने ओकोमटुन के अभियान का नेतृत्व किया।
    - अनुसंधान दल ने पूरे क्षेत्र में **पूर्व-हिस्पैनिक संरचनाओं** की पहचान करने के लिये **हवाई लेज़र स्कैनिंग** का उपयोग किया।
  - **इसे ओकोमटुन नाम दिया गया है, युकाटेक माया भाषा में जिसका अर्थ "पत्थर का स्तंभ"** है, माना जाता है कि यह **नया खोजा गया शहर 250 से 1000 ईस्वी के बीच युकाटन** प्रायद्वीप के **केंद्रीय तराई क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र** रहा है।
  - यह माया सभ्यता की **उन्नत सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं के बारे में अमूल्य अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है, जो अपने परिष्कृत गणितीय कैलेंडर** के लिये जानी जाती है।
- **प्रमुख खोज:**

- ऊँचा भू-भाग: सबसे आश्चर्यजनक खोजों में से [आर्द्रभूमि] से घिरा एक **ऊँचा भू-भाग** था, जिससे वहाँ बसने के लिये चुने गए एक विशिष्ट और रणनीतिक स्थान के पैटर्न का पता चलता है।
  - **मृदभांड:** इस स्थल पर पाए गए मिट्टी के बर्तनों के टुकड़ों से पता चलता है कि **ओकोमटुन 600-900 ईस्वी के दौरान** यहाँ बसते थे।
  - **केंद्रीय वेदियाँ:** इन्हें **ला रिगुएना** नदी के पास खोजा गया था, संभवतः इनका उपयोग सामुदायिक अनुष्ठानों के लिये किया जाता था।
    - केंद्रीय वेदियों से **सामुदायिक अनुष्ठानों की उपस्थिति** का पता चलता है, यह **माया सभ्यता के दौरान जीवन के आध्यात्मिक और सांप्रदायिक पहलुओं** पर प्रकाश डालती हैं।
  - **प्री-हिस्पैनिक बॉल गेम्स:** धार्मिक प्रथा का प्रतिनिधित्व करने वाला यह खेल पूरे माया क्षेत्र में खेला जाता था।
    - इस खेल में **सूर्य के प्रतीक के रूप में** रबर की गेंद को बिना हाथों का उपयोग किये पत्थर के घेरे से गुज़ारना शामिल था।
  - **शहर का पतन:** संभवतः 800 से 1000 ईस्वी के बीच यहाँ महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए।
    - **आबादी में गिरावट, शहरी केंद्र और राजनीतिक अस्थिरता** इस अवधि की प्रमुख विशेषताएँ है, यही अवधि निम्न क्षेत्रीय माया शहर के पतन का समय मानी जाती है।
    - ओकोमटुन (Ocomtún) और अन्य माया शहरों का पतन एक बड़े क्षेत्रीय पतन का हिस्सा थे जो **माया सभ्यता के इतिहास में एक परिवर्तनकारी अवधि** को दर्शाता है।

माया सभ्यता:

- माया सभ्यता के लोग मैक्सिको और मध्य अमेरिका के मूल निवासी हैं। युकाटन (Yucatán) में उत्पन्न होकर वे 250 ईस्वी के आसपास **वर्तमान में दक्षिणी मैक्सिको, ग्वाटेमाला, उत्तरी बेलीज़ और पश्चिमी होंडुरास** में प्रमुखता से उभरे थे।
- **माया सभ्यता का उदय लगभग 250 ईस्वी** में शुरू हुआ था। पुरातत्त्वविद् **माया संस्कृति को शास्त्रीय काल** के रूप में जानते हैं जो **लगभग 900 ईस्वी तक** चली थी।
- माया सभ्यता सबसे उन्नत और प्रभावशाली संस्कृतियों में से एक थी।
  - उन्होंने **लेखन, खगोल विज्ञान, गणित, कला,** [वास्तुकला] **और धर्म** की जटिल प्रणालियाँ विकसित की थीं।
  - उन्होंने **पिरामिडों, महलों, मंदिरों और चौक (प्लाज़ा) वाले प्रभावशाली शहर** भी बनाए। हालाँकि उनके इतिहास एवं संस्कृति के अनेक पहलू रहस्यमय और अज्ञात बने हुए हैं।

अन्य प्रमुख प्राचीन सभ्यताएँ:

- [सिंधु घाटी सभ्यता]- पाकिस्तान से उत्तर-पूर्व अफगानिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत
- मेसोपोटामिया सभ्यता- इराक, सीरिया और तुर्किये
- इंकान सभ्यता- इक्वाडोर, पेरू और चिली
- एज़्टेक सभ्यता- मैक्सिको
- फारसी सभ्यता- ईरान
- प्राचीन यूनानी सभ्यता- ग्रीस
- प्राचीन मिस्र की सभ्यता- मिस्र

मैक्सिको:

- सरकार का स्वरूप: संघीय राज्यों का गणतंत्र
- राजधानी: मैक्सिको सिटी
- राजभाषा: स्पेनिश
- मुद्रा: पेसो
- प्रमुख पर्वत शृंखलाएँ: सिएरा माद्रे
- प्रमुख नदियाँ: रियो ग्रांडे, याकी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/discovery-of-ancient-maya-city